## आर्थिक स्थिति सुधारने में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका:मंत्री

# बैंक गारंटी की डिजिटल व्यवस्था शुरू

**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के स्टाम्प एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की ओर प्रदेश सरकार ने एक और नया कदम बढ़ाते हुए डिजिटल बैंक गारंटी व्यवस्था को लागू किया है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राज्यमंत्री ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में स्विफ्ट इंडिया प्लेटफार्म तथा स्टॉक होल्डिंग के माध्यम से बैंक गारण्टी पर स्टाम्प शुल्क के डिजिटल भुगतान सुविधा का शुभारम्भ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा इससे जहां एक ओर बैंकों और उधारकर्ता दोनों को बैंक गारण्टी देने में आने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी, वहीं समय की भी बचत होगी।


गोमती नगर विभूति खंड के बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

उन्होंने कहा कि ई-स्टाम्पिंग के बाद ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत बैंकों द्वारा किसी भी ऋणधारक को व्यवसाय करने के लिए स्टॉक होल्डिंग तथा एनएसएल के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा देकर इस दिशा में दूसरा कदम उठाया गया है और इस प्रक्रिया को पूरी तरह से स्वचालित कर दिया गया है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग ने इस समस्या की पहचान की और न केवल प्रक्रिया को बहुत आसान बल्कि पारदर्शी और परेशानी मुक्त बनाने का काम किया है। महानिरीक्षक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन मिनिस्ती एस. ने कहा कि बैंक गारण्टी को डिजिटल करने से स्टाम्प विभाग पेपरलेस हो रहा है। इसके साथ ही स्टाम्पिंग में लागत कम लगेगी और धारक को परेशानी नहीं होगी ।अपर महानिरीक्षक प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित थे।